ना लाया साथ कुछ बंदे ना तेरे साथ जाएगा

ना लाया साथ कुछ बंदे,
ना तेरे साथ जाएगा,
मुट्ठी बांध कर आया,
खाली हाथ जायेगा।bd।

तर्ज – खिलौना जानकर तुम तो।
देखे – क्या लेके आया बन्दे।

तेरे ये महल चौबारे,
यहीं रह जाएंगे सारे,
तेरी माया के भंडारे,
ना जाए साथ में प्यारे,
जिसे तू मानता अपना,
वही तुझको जलाएगा,
ना लाया साथ कुछ बँदे,
ना तेरे साथ जाएगा।bd।

लडकपन खेल में खोया,
जवानी नींद भर सोया,
धरम का बीज ना बोया,
बुढ़ापा देखकर रोया,
है बोये राह में कांटे,
कहां से फूल पाएगा,
ना लाया साथ कुछ बँदे,
ना तेरे साथ जाएगा।bd।

गया तू भूल वो वादा,
वहां करके जो तू आया,
कमाई पाप की माया,
प्रभु को तूने बिसराया,
वहां ना चल सके कोई,
बहाना जो बनाएगा,
ना लाया साथ कुछ बँदे,
ना तेरे साथ जाएगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भरोसा कुछ नहीं पगले,
तेरी इस जिंदगानी का,
तेरा जीवन समझले है,
बबुला एक पानी का,
ना जाने किस घडी,
किस मोड पे ये फूट जाएगा,
ना लाया साथ कुछ बँदे,
ना तेरे साथ जाएगा।bd।

ना लाया साथ कुछ बंदे,
ना तेरे साथ जाएगा,
मुट्ठी बांध कर आया,
खाली हाथ जायेगा।bd।

स्वर – कुमार विशु।
प्रेषक – ऋषि विजयवर्गीय।
7000073009

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com